# Session 2020-21

# आदर्श प्रश्न पत्र

## कक्षा - आठवीं

## विषय - हिन्दी ( नियमित )

**समय : 3 घंटे** **पूर्णांक : 85**

**विशेष निर्देश :**

1. प्रश्नों के उत्तर देते समय जो प्रश्न संख्या प्रश्न पत्र पर दर्शाई गई हैं उत्तर पुस्तिका पर वही प्रश्न संख्या लिखना अनिवार्य है।
2. उत्तर पुस्तिका के बीच में खाली पन्ना/पन्ने ना छोड़े।
3. सभी प्रश्न अनिवार्य है।
4. प्रश्न के सभी भागों को एक साथ करें।
5. सुलेख का विशेष ध्यान रखें।
6. व्याकरण भाग में काटकर लिखना वर्जित है।

**भाग-क**

1. नीचे दिए गए अपठित गद्यांश को पढ़कर किन्हीं पांच प्रश्नों के उत्तर दें?

5×1=5

जब शरीर में खून की कमी हो जाती है तो इसे एनीमिया कहते हैं। संतुलित आहार लेने मात्र से हम एनीमिया से बचे रह सकते हैं, यह कहना काफी हद तक सही है। यूं तो एनीमिया बहुत से कारणों से हो सकता है, परन्तु हमारे देश में इसका सबसे बड़ा कारण पौष्टिक आहार की कमी है। इसके अलावा इस रोग का एक और बड़ा कारण है पेट में कीड़ों का हो जाना। यह कीड़े प्राय: दूषित जल और खाद्य पदार्थ द्वारा हमारे शरीर में प्रवेश करते हैं अत: हमें इससे बचना है हमें पूरी सफाई का ध्यान रखना है तथा केवल साफ-सुथरे भोजन को ही ग्रहण करना है।



Downloaded from cclchapter.com

भोजन करने से पूर्व अच्छी तरह से हाथ धो लें और साफ पानी ही पीएं और हाँ, एक और किस्म के कीड़े भी हैं, जिसके अंडे जमीन की ऊपरी सतह में पाए जाते हैं। इन अंडों से उत्पन्न हुए लारवे त्वचा के रास्ते शरीर में प्रवेश कर आंतों में अपना घर बना लेते हैं। इनसे बचने का सहज उपाय है कि शौच के लिए हम शौचालय का ही प्रयोग करें और इधर-उधर नंगे पैर ना घूमे। आजकल एनीमिया से बचने के लिए सरकार स्कूलों में फोलिक एसिड की गोलियां भी वितरित करती है।

(क) भारतवर्ष में एनीमिया का मुख्य कारण क्या है?

(ख) पेट में कीड़े किन कारणों से होते हैं?

(ग) नंगे पैर घूमने से क्या होता है?

(घ) एनीमिया से बचने के कोई दो उपाय लिखो।

(ङ) शरीर में एनीमिया किसकी कमी के कारण होता है?

(च) एनीमिया को ठीक करने के लिए कौन सी गोली का सेवन करना चाहिए।

(छ) गंदे पानी के अलावा कीड़े शरीर में और किस तरह से प्रवेश करते हैं?

2. नीचे दिए गए पठित पद्यांश को पढ़कर किन्हीं 5 प्रश्नों के उत्तर दें: 5×2=10

जाति न पूछो साध की, पूछ लीजिए ज्ञान।
मोल करो तल्वार का, पड़ा रहन दो म्यान।

(क) यह काव्यांश किस कवि द्वारा लिखा गया है?

(ख) कबीर ने क्या ना पूछने की बात कही है?

(ग) कबीर ने दूसरों से क्या पूछने को कहा है?

(घ) तलवार को म्यान में क्यों रखना चाहिए?



Downloaded from cclchapter.com

(ङ) इस गद्यांश में कबीर ने क्या शिक्षा दी है?

(च) जाति न पूछो साध की पूछ लीजिए ज्ञान का भावार्थ स्पष्ट करो।

(छ) ''मोल करो तल्वार का पड़ा रहन दो म्यान'' का अर्थ स्पष्ट करें।

3. नीचे दिए गए पठित गद्यांश को पढ़कर किन्हीं 5 प्रश्नों के उत्तर दें। 5×1=5

बदलू मनिहार था। चूड़ियाँ बनाना उसका पैतृक पेशा था और वास्तव में वह बहुत ही सुंदर चूड़ियाँ बनाता था। उसकी बनाई हुई चूड़ियों की खपत भी बहुत थी। उस गांव में सभी स्त्रियां उसकी बनाई हुई चूड़ियाँ पहनती थी। आस-पास के गाँव के लोग भी उससे चूड़ियां ले जाते थे। परन्तु वह कभी भी चूड़ियों को पैसों से नहीं बेचता था। उसका अभी तक वस्तु-विनिमय का तरीका था और लोग अनाज के बदले उससे चूड़ियां ले जाते थे। बदलू स्वभाव से ही बहुत सीधा था। मैंने कभी भी उसे किसी से झगड़ते नहीं देखा। हाँ, शादी-विवाह के अवसरों पर वह अवश्य ज़िद पकड़ जाता था जीवन भर चाहे कोई उससे मुफ़्त चूड़ियां ले जाए परन्तु विवाह के अवसर पर वह सारी कसर निकाल लेता था। आखिर सुहाग के जोड़े का महत्त्व ही और होता है। यदि संसार में बदलू को किसी बात से चिढ़ थी तो वह थी काँच की चूड़ियों से।

(क) यह गद्यांश कौन से पाठ से लिया गया है?

(ख) इस पाठ के लेखक कौन है?

(ग) बदलू का पैतृक पेशा क्या था?

(घ) वस्तु विनिमय का अर्थ लिखें?

(ङ) बदलू को कांच की चूड़ियों से क्यों चिढ़ थी?

(च) बदलू विवाह के अवसर पर सारी कसर निकाल देता था इस वाक्य से क्या अभिप्राय है?

(छ) 'स्वभाव' शब्द का वाक्य में प्रयोग करें।



Downloaded from cclchapter.com

4. निम्नलिखित पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या करें- 5

हम दीवानों की क्या हस्ती, हैं आज यहां कल वहां चले,
मस्ती का आलम साथ चला, हम धूल उड़ाते जहां चले।

अथवा

माला तो कर में फिरै, जीभि फिरै मुख मांहि
मनुवा तो दहुं दिसि फिरै, यह तो सुमिरन नाहिं।

भाग-ख

5. किन्हीं 5 प्रश्नों के उत्तर दें- 5×2=10

1. कवि को ऐसा विश्वास क्यों है कि उसका अंत अभी नहीं होगा?
2. ऐसा जैसे सारी बस ही इंजन है और हम इंजन के भीतर बैठे हैं। लेखक को ऐसा क्यों लगा?
3. कवि को अपने आने को उल्लास और जाने को आंसू बनकर बह जाना क्यों कहा गया है?
4. दोषों का पर्दाफाश करना कब बुरा रूप ले सकता है?
5. तलवार का महत्त्व होता है म्यान का नहीं, उक्त उदाहरण से कबीर क्या कहना चाहते हैं।
6. सुदामा की दीन दशा देखकर श्री कृष्ण की क्या मनोदशा हुई। अपने शब्दों में लिखो।
7. श्री कृष्ण अपनी चोटी के विषय में क्या क्या सोच रहे थे?
8. घायल बाज को देखकर सांप खुश क्यों हुआ होगा?

6. भारत की खोज पुस्तक के आधार पर तीन प्रश्नों के उत्तर दें-

3×2=6

1. अहमदनगर के किले में लेखक की दिनचर्या क्या थी?
2. लेखक के अनुसार भारत माता का स्वरूप कैसा है?
3. महमूद गजनबी कौन था? उसने भारत में आकर क्या किया?
4. सन 1857 की क्रांति असफल क्यों हो गई थी?
5. भारत अंतर्विरोध का देश कैसे है?



Downloaded from cclchapter.com

**भाग-ग**

7. किन्हीं 10 प्रश्नों के उत्तर लिखें- 10×2=20

1. लिंग बदलो-
अध्यक्ष, नायक, लेखक, शेर
2. वचन बदलो - सेना, पत्ता, मिठाई, गाड़ी
3. किन्हीं दो शब्दों के पर्यायवाची शब्द लिखें- पवन, आकाश, घोड़ा
4. किन्हीं दो शब्दों की संधि करें - सु+आगत, सदा+एव, नमः+ते
5. उपसर्ग और मूल शब्द अलग कीजिए (कोई दो) -
आजीवन, निडर, अवगुण
6. 'आवट' और 'ता' प्रत्यय जोड़कर शब्द बनाओ।
7. किन्हीं दो समस्त पढों का विग्रह करके समास का नाम लिखें
हार-जीत, नीलकमल, यथाशक्ति
8. भाषा किसे कहते हैं?
9. किन्हीं दो शब्दों को उनके शुद्ध रूप में लिखो।
आसीरवाद, चमकिला, पूसतक
10. क्रिया किसे कहते हैं? उदाहरण सहित लिखो।
11. वाक्य में उचित विराम चिन्ह का प्रयोग करें।
अरे श्याम तुम कहां थे मैं तुम्हारे लिए हलवा पूरी और खीर लाया था
12. किन्हीं चार शब्दों के विलोम शब्द लिखें-गुण, सुगंध, मित्र, आदर, आय
13. किन्हीं दो वाक्यांशों के लिए एकएक शब्द लिखो।
जिसका कोई अंत ना हो।
ईश्वर में विश्वास रखने वाला।
जो सप्ताह में एक बार हो।

8. (क) किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दें: 4×1=4

1. खाली स्थान को विशेषण से भरिए-
............फूलों वाली क्यारी



Downloaded from cclchapter.com

2. वाक्य में क्रिया विशेषण शब्द छांटिए-
भूकंप के बाद जीवन धीरे-धीरे सामान्य होने लगा।

3. संज्ञा शब्द से क्रिया शब्द बनाइए- सिंचाई

4. निम्न वाक्य को वर्तमान काल में बदलें-लोग अभिनेता का स्वागत करेंगे।

5. उचित कारक चिह्न द्वारा खाली स्थान भरें-
आसमान..........तारे टिमटिमा रहे हैं।
कविता......मधुर गीत सुनाया

6. 'क' और 'त' का उच्चारण स्थान लिखो। 2×2=4
(ख) किन्हीं दो मुहावरों के अर्थ लिखकर वाक्य बनाओ-
अंधे की लकड़ी, ईद का चांद होना, गले का हार, टेढ़ी खीर
(ग) किन्हीं चार शब्दों के अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग करें-
लालसा, सहसा, दुर्लभ, इंतजार, विचित्र, तत्काल, प्रतिष्ठा।
4×1=4

**भाग-घ**

9. किसी एक विषय पर निबंध लिखें-दशहरा, मेरी पाठशाला, व्यायाम के लाभ, पर्यावरण प्रदूषण, मेरा प्रिय नेता 7

10. अपने विद्यालय के प्रधानाचार्य/मुख्याध्यापक जी को स्कूल छोड़ने का प्रमाण पत्र लेने हेतु प्रार्थना पत्र लिखें। 5

अथवा

भाई की शादी पर अवकाश लेने हेतु अपने विद्यालय के मुख्याध्यापक जी को प्रार्थना पत्र लिखें।

अथवा

कक्षा में प्रथम आने पर मित्र/सहेली को बधाई पत्र लिखें।



Downloaded from cclchapter.com